➢ नये नियम की कलीसिया और मिशन...

- मिशन के कार्य के लिये कलीसिया _____ हुई
  प्रेरितों के काम 2:1-41
- मिशन के कार्य की पूर्णता के लिए कलीसिया _____ में है
  मत्ती 24:14; रोमियों 10:12-15; 1 कुरि. 9:24-27
- मिशन के कार्य के निमित्त कलीसिया _____
  प्रेरितों के काम 1:8; 5:41-42; 7:54-60; 12:1-4; 1 कुरि. 4:9-13; 2 कुरि. 11:23-28; 4:7-12; गलातियों 6:12-14

➢ समकालीन कलीसिया तथा मिशन...

- यदि हम नये नियम की कलीसिया में मिशन को मध्य नज़र न रखते हुए पढ़ेंगे तो उसके मुख्य सार को खो देंगे।
  फिलिप्पयों 1:6
- नये नियम की कलीसिया ने परमेश्वर के राज्य का विस्तार किया, हम कौन से _____ का विस्तार कर रहे हैं?
  प्रेरितों के काम 8:12; 19:8; 20:25; 28:23, 31
- राज्य हमारे लिये अस्तित्व में नहीं है, _____ राज्य के लिए अस्तित्व में है
  गलातियों 1:15-16
- अगर हम वास्तव में नये नियम की मसीहियत को जीना चाहते हैं, तो इस मिशन के लिए _____ में डालना होगा।
  प्रेरितों के काम- यहूदा; 2 तीमु. 3:12; प्रका. 6:9-11

राज्य की आशा

■ राजा वापस आ रहा है

➢ राज्य में यीशु मसीह का कार्य...

- सुसमाचार हमारे _____ यीशु मसीह के कार्य की पूर्णता दर्शाते हैं।
  - इब्रानियों 9:24-28
- प्रेरितों के काम तथा पत्रियाँ हमारे _____ यीशु मसीह के कार्य की निरन्तरता को दर्शाते हैं। 1 प्रेरितों के काम 1:1-6; कुलु. 1:27
- प्रकाशितवाक्य यीशु मसीह के कार्य की समाप्ति को हमारे _____ दर्शाता है
  1 थिस्स. 4:16-18; प्रका. 1:4-8

➢ राजा जो आ रहा है...

- वह _____ की तरह आया (प्रका. 5:6, 12; 13:8; 12:11)
  वह निर्बलता में आया
  वह निर्धनता में आया
  वह नम्रता में आया
- वह _____ की तरह आयेगा (प्रका. 5:5)
  वह सामर्थ में आयेगा
  वह स्वर्ग की धरोहर के साथ आयेगा
  वह महिमा में आयेगा

➢ वह है...

- सच्ची गवाही और पृथ्वी के राजाओं पर _____ है (प्रकाशितवाक्य 1:5)
- अल्फा और ओमेगा (प्रकाशितवाक्य 1:8; 22:13)
- प्रथम तथा अन्तिम (प्रकाशितवाक्य 1:17)

- वह _____ है (प्रकाशितवाक्य 1:18)
- परमेश्वर का पुत्र (प्रकाशितवाक्य 2:18)
- पवित्र तथा _____ (प्रकाशितवाक्य 3:7)
- _____, निष्ठावान तथा सच्ची गवाही, परमेश्वर की सृष्टि का आरम्भ (प्रकाशितवाक्य 3:14)
- विश्वासयोग्य तथा सच्चा (प्रकाशितवाक्य 19:11)
- परमेश्वर का _____ (प्रकाशितवाक्य 19:13)
- राजाओं का राजा, प्रभुओं का प्रभु (प्रकाशितवाक्य 19:16)
- _____ का मूल और वंश है (प्रकाशितवाक्य 22:16)
- चमकता हुआ भोर का तारा (प्रकाशितवाक्य 22:16)
- _____ यीशु मसीह (प्रकाशितवाक्य 22:21)

➢ राजा लायेगा...
- उन लोगों के लिए जिन्होंने राज्य को स्वीकार किया है
  अन्तिम _____ (प्रकाशितवाक्य 19:1-10)
- उन लोगों के लिए जिन्होंने राज्य का तिरस्कार किया है
  अन्तिम _____ (प्रकाशितवाक्य 19:11-16)

■ राजा एक शाश्वत उत्सव का अतिथेय करेगा...

➢ राज्य का एक चित्रण...
- अवर्णनीय _____
  एक नयी _____
  प्रकाशितवाक्य 21:1
  एक नया यरूशलेम
  प्रकाशितवाक्य 21:2
  एक नया _____
  प्रकाशितवाक्य 21:3, 22
  एक नया क्रम
  प्रकाशितवाक्य 21:4-5
- अकथनीय _____
  प्रकाशितवाक्य 21:6
  यह परिपूर्ण है
  यह _____ है
- अनिवर्त्य न्याय
  प्रकाशितवाक्य 21:7-8
  शाश्वत _____
  चिरस्थायी _____ (प्रकाशिवाक्य 20:11-15)

➢ राज्य की प्रतिज्ञा...
- यीशु मसीह का दावा: "मैं शीघ्र आने वाला हूँ" (22:7, 12, 20)
- कलीसिया की _____: आमीन, हे प्रभु यीशु आ!"

■ **क्या आप राज्य की प्रत्याशा कर रहे हैं?**

➢ हम उसके प्रकट होने की राह _____
- इस संसार की अस्थाई प्रवृत्ति को देखें

शीघ्र ही, _____ नहीं होगा (प्रकाशितवाक्य 20:7-10; 21:4)

शीघ्र ही, _____ नहीं होगा (प्रकाशितवाक्य 21:4; रोमियों 8:18-25)

शीघ्र ही, _____ नहीं होगी (प्रकाशितवाक्य 21:4; 1 कुरि. 15:50-57)

शीघ्र ही, _____ नहीं होगा (प्रकाशितवाक्य 21:4; रोमियों 8:38-39)

- जब तक वह वापिस आता है हमारे _____ के अनंतकालीन महत्व को देखें (1 थिस्स. 5:4-11; 2 थिस्स. 3:6-15)


➢ हम उसके प्रकट होने के लिए _____

- हमें अपने जीवन के हर क्षेत्र में _____ का पीछा करना चाहिए (कुलु. 3:1-5; 1 तीमु. 6:11-16; तीतुस 2:11-14)
- हमें संसार के _____ तक सुसमाचार का प्रचार करना चाहिए (मत्ती 24:14; 2 तीमु. 4:1-2)

➢ हमें उसके प्रकट होने की _____ (2 तीमु. 4:8)

- उस दिन के लिए जब वह हमें _____ से बचायेगा
  रोमियों 8:28-30; 1 पतरस 1:9
- उस दिन के लिए जब हम उसका _____ देखेंगे
  प्रकाशितवाक्य 22:4

"स्वर्ग में बड़े-बड़े शब्द होने लगे कि
जगत का राज्य हमारे प्रभु का है
और वह युगानुयुग राज्य करेगा।"
–प्रकाशितवाक्य 11:15


Asia
RUSSIA
KAZAKHSTAN
MONGOLIA
JAPAN
CHINA
INDIA
BHUTAN
BANGLADESH
BURMA
THAILAND
VIETNAM
PHILIPPINES
SRI LANKA
MALAYSIA
INDONESIA

एशिया

एशिया, संसार के धरातल का लगभग 23.5% भाग है। एशियाई, एक जाति समूह के रूप में, संसार के 4.4 बिलियन गैर-ईसाई के 83% से ज्यादा जनसंख्या से बना है।

इसाईयों के लिए संसार में सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण तथा तीन सबसे बड़े गैर-इसाई धर्मों का प्रतिनिधित्व एशिया में है जिसमें 832 मिलियन मुस्लिम, 805 मिलियन हिन्दु और 400-900 मिलियन बौद्ध धर्म के लोग हैं। संसार के 55 देशों में से जो 10% से कम इसाई धर्म के हैं, 44 एशिया में हैं।

1900 में, पाँच एशियन देशों को छोड़कर, बाकी सारे देश पश्चिमी नियन्त्रण के अधीकृत थे। 2000 तक कोई भी नहीं था। केवल पाँच-छः एशियाई देशों में ही एक वास्तविक व गहरी प्रजातान्त्रिक स्वतन्त्रता की संस्कृति है। यह राष्ट्र अपनी असमानताओं द्वारा लक्षणात्मक है। धन निर्धनताओं की महान चरम सीमाओं के साथ, उच्च शहरीकरण के औद्योगिक या पूर्व औद्योगिक विकास से ग्रामीण अर्थशास्त्र निर्वाह तक।

धर्मार्थ कार्य के विशेष क्षेत्रों की आवश्यकता: घोर संकट में बच्चे। एशिया में 1997 की अर्थव्यवस्था में गिरावट ने करोड़ों बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। बाल-श्रम बहुत अधिक फैल गया। 1997 में यह माना जाता था कि एशिया में 1 मिलियन या इससे भी अधिक बच्चों को देह व्यापार में ढकेला जाता था। भारत के 60% से ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार है।

बाइबल का अनुवाद भी एक बड़ी चुनौती है– 1300 भाषाओं में अनुवाद की आवश्यकता है। 271 एशियाई भाषाओं में वचन के अनुवाद का कार्य प्रगतिशील है।

इन्डोनेशिया

•·जनसंख्याः	245 मिलियन	**•·जाति समूहः**	15
•·प्रमुख धर्मः	मुस्लिम	**•·भाषाएंः**	इन्डोनेशिया
•·गैर इसाईः	84%	**•·इसाईः**	16%

•·क्षेत्रफलः 1,919,317 स्कै. कि.मी., गणतन्त्र के 17,000 टापू हिन्द महासागर के 9.5 मिलियन स्कै. कि.मी. तक फैले हैं, 23 प्रान्त, 2 विशेष क्षेत्र तथा प्रमुख मंडल के साथ।

•·विवरणः 1965 के साम्यवादी हिंसक अधीकरण और इसके रक्त टंजित परिणाम ने, जिसमें 500,000 साम्यवादी समर्थक समाप्त हो गये। 1990 में उत्पीड़न के बढ़ते हुये स्तरों ने इसाईयों में एकता को और भी भड़काया है। एक नैशनल प्रेयर मूवमैन्ट की वृद्धि और इन्डोनेशिया और उससे सुदूर विभिन्न सांस्कृतिक पहुँच के प्रति प्रतिबद्धता ने भी इसाईयों में एकता को उत्तेजित किया है। राष्ट्र के अगुवों के लिये प्रार्थना करें।

ब्रूनी

•·**जनसंख्या:**	379,444	•·**जाति समूह:**	8
•·**प्रमुख धर्म:**	मुस्लिम	•·**भाषाएं:**	माले, अंग्रेजी
•·**गैर इसाई:**	88.75%	•·**इसाई:**	11.25%

•·**क्षेत्रफल:** 5,765 स्कै. कि.मी. साटावक में दो छोटे अन्त क्षेत्र, बोसीओ के टापू पर पूर्वी मलेशिया

•·**विवरण:** मुस्लिम का उद्देश्य है कि 2020 तक एक अमिश्रित इस्लामिक राज्य हो। घरों तथा व्यवसायों को प्रदान करने के द्वारा, इसाईयों को अभित्रस्त करने के द्वारा जातीय तथा चीनी अल्पसंख्यकों में से एक धीमी परन्तु नियमित धर्मान्तरित गति हो रही है। इन दोनों योजनाओं को रोकने के लिए प्रार्थना करें और वैधानिक रूप से आश्वासित धार्मिक स्वतन्त्रता की बहाली के लिए प्रार्थना करें। यहाँ के राजा की प्रतिष्ठा संसार के धनाढ्य व्यक्तियों में होती है।

चीन

•·जनसंख्याः	1.3 बिलियन	**•·जाति समूहः**	12
•·प्रमुख धर्मः	चीनी	**•·भाषाएंः**	पुटौन्गुहा
•·गैर इसाईः	92.75%	**•·इसाईः**	7.25%

•·क्षेत्रफलः 9,573,000 स्कै. कि.मी. संसार का तीसरा सबसे बड़ा राज्य, और संसार के सबसे ऊँचे पर्वत तथा पठार भी है।

•·विवरणः पूरे इतिहास में, इसाईयों का विश्वास तथा वचनबद्धता सबसे अधिकतम निर्गम और व्यापक उत्पीड़न के अधीन है। उत्पीड़न ने चर्च को पवित्र तथा स्थानीय बना दिया है और इसको आने वाले और भी अधिक दमन के आवेग तथा इसको नष्ट या कमजोर करने के लिए शासन के हर प्रयासों की पीड़ा का आदि बना दिया है। 1989 में बेजिंग के टिन्नामन स्कैयर में हुए हत्याकांड का घातक परिणाम चीन के इतिहास में निर्धारक क्षण था। इस पराजय से, अपमानित संगठन अभी भी त्रस्त है। पहली बार, शहरी बुद्धि जीवों में, परमेश्वर की ओर अर्थपूर्ण रूप से लौट कर आना ही इसका परिणाम था। चीनी समाज के हर स्तर पर अब इसाई लोग मिलते हैं। इन धर्म प्रचारकों तथा चर्च को रोपित करने वालो में से अधिकांश स्त्रियाँ हैं और कई तो अभी किशोरावस्था में है। इन्टर्नेट अच्छे तथा बुरे नये असाधारण अवसर बना रहा है। अच्छे अवसर, शिष्य बनाने तथा नेतृत्व के विकास के लिए हैं।

वियतनाम

•·जनसंख्या:	84 मिलियन	**•·जाति समूह:**	2
•·प्रमुख धर्म:	बौद्ध धर्म	**•·भाषाएं:**	वियतनामी
•·गैर इसाई:	91.84%	**•·इसाई:**	8.16%

•·क्षेत्रफल: 331,653 स्कै. कि.मी. इन्डोचीन की दक्षिणी तटीय रेखा को घेरे हुए एक लम्बा व पतला देश।

•·विवरण: 21वीं शताब्दि के बहुत थोड़े साम्यवाद राष्ट्रों में से एक, वियतनाम को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हर प्रकार की स्वतन्त्रता का दमन जारी है, और ठीक इसके साथ ही सामाजिक कुरीतियां भी बढ़ रही हैं। नशीली दवाओं का व्यसन, एड्स, देह-व्यापार और बच्चों का शोषण बहुत ही सामान्य है। एक सजीव जन्म के पीछे गर्भपात होते हैं, संसार की उच्च दरों में से एक। प्रार्थना करें कि सुसमाचार के प्रचार के प्रकाश द्वारा इस राष्ट्र का नैतिक तथा विचार पद्धति का अन्धकार दूर हो। वियतनाम इसाईयों का सबसे बुरा उत्पीड़क है। कहीं पर भी साम्यवाद की समाप्ति में इसाई धर्म की भूमिका को देखकर, शासन ने विश्वासियों को नियन्त्रित किया है या नष्ट करने का प्रयास किया है। चर्च जैसे-जैसे उत्पीड़न की प्रतिक्रिया वृद्धि तथा पहुँच द्वारा करते हैं, वैसे-वैसे शासकीय प्रयास भी तीव्र होते जाते हैं। पंजीकरण कराने का तात्पर्य समझौता है, चर्चों को पंजीकृत कराने में विफलता गैर कानूनी है जो अधिकतर विश्वासियों को भूमिगत होने के लिए विवश करता है। जो लोग बन्दीगृह में है, उनके विश्वास के लिए प्रार्थना करें। एक समय में सम्भवत: दर्जनों इसाई नेतृत्व-कर्ता कैदी थे।

•·उत्पीड़न: विश्वासियों को त्रस्त किया जाता है, पीटा जाता है और गैर कानूनी रूप से प्रचार करने या प्रचार की गतिविधियों को संगठित करने के लिए कारावास दिया जाता है। अपंजीकृत और प्रजातीय अल्प-संख्यक चर्चों के लिए उत्पीड़न विशेषकर कठोर होता है। साम्यवाद की समाप्ति में, इसाई धर्म की भूमिका को मध्यनज़र रखते हुए, शासन विश्वासियों पर नियन्त्रण रखता है या उन्हें समाप्त करने का प्रयास करता है। जैसे-जैसे उत्पीड़न के प्रति चर्चों की प्रतिक्रिया वृद्धि तथा पहुंच द्वारा होती है, वैसे-वैसे ही शासकीय प्रयास भी तीव्र हो जाते हैं। चर्चों का पंजीकरण विश्वासियों के लिए एक समझौते के रूप में है। पंजीकरण में विफलता शासन की दृष्टि में गैर कानूनी है जो चर्च को भूमिगत होने पर विवश करती है।

मालदीव्ज

•·जनसंख्या:	359,008	**•·जाति समूह:**	2
•·प्रमुख धर्म:	मुस्लिम	**•·भाषाएं:**	धीवेही
•·गैर इसाई:	99.9%	**•·इसाई:**	.1%

•·क्षेत्रफल: 298 स्कै. कि.मी., हिन्द महासागर में श्रीलंका ने 600 कि.मी. दक्षिण पश्चिम की ओर 19 प्रशासनिक समूहों में 1,200 मूँगे के टापू हैं।

•·विवरण: विश्वीय तापन, समुद्र को बढ़ते हुये जल स्तर द्वारा, जो इन टापूओं को नष्ट कर सकते हैं या उनको जलमग्न कर सकते हैं, इन टापूओं के जीवन को संकट में डाल देता है। मूंगों के खनन और एल नीनों के कारण हुये समुद्र के तापमान में चढ़ाव ने मूंगों को नष्ट कर दिया है जो इन टापूओं की नींव है। प्रार्थना करें कि यह प्रलयकारी चुनौती लोगों के लिए एक ध्यान रखने वाले परमेश्वर, जिसने यीशु मसीह को भेजा है, को ढूँढने का कारण बन सके। 1998 में अधिकारियों द्वारा एक कड़ी कार्यवाही का परिणाम 50 मालडीवियन की कैद तथा यातना थी, जिन पर इसाई होने का शक था। 19 इसाई प्रवासी को निकाल दिया गया। उन्होंने बहिष्कार, बेरोजगारी का सामना किया और वह खुले आम न तो मिल सकते हैं और न ही धर्मशास्त्र को पढ़ सकते हैं। प्रार्थना करें कि उनका विश्वास सशक्त हो और उनके जीवन द्वारा दूसरों तक यीशु मसीह की सुन्दरता फैलायी जाये। ओर यह भी प्रार्थना करें कि अधिकारियों का अक्खड़ पन तथा अहंकार कई लोगों को, जो वह विश्वास करते हैं, उसका तानाशाही आरोपण के बारे में सवाल-जवाब के लिये उकसाये।

•·उत्पीड़न: गैर-मुस्लिम धर्मों या प्रकाशन के लिए स्वतन्त्र भाषा का कोई सत्कार नहीं है। मालदीव्ज के बसे हुये क्षेत्रों में बाहर के लोगों को बहुत कम समय के लिए ही रहने की अनुमति है। ताकि मुस्लिम समुदायों पर उनका प्रभाव कम से कम हो। 1998 में हर ज्ञात इसाई को देश से निकाल दिया गया था, और हर ज्ञात मालदीव्ज इसाई को बन्दी बना लिया गया था। वर्ष के अन्त में, अन्तर्राष्ट्रीय प्रार्थना तथा विरोध से उनको छोड़ दिया गया था।

मिनदानाओ (फिलीपीन्स)

•·जनसंख्याः	89 मिलियन	**•·जाति समूहः**	19
•·प्रमुख धर्मः	इसाई	**•·भाषाएंः**	फिलिप्पियों
•·गैर इसाईः	6.81%	**•·इसाईः**	93.19%

•·क्षेत्रफलः 300,000 स्कै. कि.मी., 80 प्रान्त, 7250 टापू जिनमें से 700 बसे हुये हैं।

•·विवरणः प्राकृतिक सम्पदा में समृद्ध होने तथा एक अच्छी शिक्षित जनसंख्या होने के बावजूद भी इस देश की महान सामर्थ्य को सिद्धि नहीं मिली है। उत्तरोत्तर शासनों द्वारा गम्भीर, आर्थिक तथा सामाजिक विषयों से निपटने में विफलता के कारण विकास को अवरुद्ध किया है और आधी जनसंख्या को निर्धनता में रखा है। इस देश का मुख्य आयात लोग (मनुष्य) हैं। फिलिपिनोस योग्यताओं में समृद्ध है पर काम करने के अवसर बहुत ही कम हैं। अनुमान लगाया जाता है कि एशियन, मिडिल ईस्टर्न तथा पश्चिमी देशो में 6.5 मिलियन से ज्यादा परिचारिका, इन्जीनियर, नाविक, घरेलू कार्य-कर्ता, आया, और छोटा काम करने वाले नौकर हैं। कई लोग दूसरे निष्ठुर तथा कठिन प्रदेशों में यीशु मसीह के गवाह बनने के लिए चले गये हैं, और कुछ लोगों ने सुसमाचार के लिए कष्ट भी उठाये हैं। सभी इसाइयों के लिए प्रार्थना करें कि वह यीशु मसीह के लिए चमक सकें। कृपया जो लोग अभी नहीं बदले हैं, उनके लिए भी प्रार्थना करें कि वह सुसमाचार को सुनें, विशेषकर 244,000 फिलिपिनों नाबिकों के लिए प्रार्थना करें जो संसार में चारों ओर बिखर गये हैं (किसी भी राज्य के लिए यह बहुत बड़ी संख्या है)।

भारत

•·जनसंख्या:	1 बिलियन	**•·जाति समूह:**	4,635
•·प्रमुख धर्म:	हिन्दू	**•·भाषाएं:**	हिन्दी
•·गैर इसाई:	97.60%	**•·इसाई:**	2.40%

•·क्षेत्रफल: 3,166,000 स्कै. कि.मी., कश्मीर का 121,000 स्कै. कि.मी. पाकिस्तान तथा चीन द्वारा संचालित है।

•·विवरण: भारत में, प्रेरित थामस के आगमन से, मसीहियत के दो सहस्राब्दी के लिए परमेश्वर की महिमा हो। पिछले 20 वर्षों में, इसाई धर्म की उपस्थिति, संसार के सभी मुख्य इसाई प्रथाओं का प्रतिनिधित्व करते हुये, अंतत: भारतीय जीवन की मुख्य विचारधारा का एक स्थानीय भाग के रूप में स्पष्ट हो गई है। 1990 में हुये उत्पीड़न ने चर्च को सुसंस्कृत कर दिया, इसकी दूरदर्शिता केन्द्रित कर दी है और पहले से अधिक, उद्देश्य की एकता हुई है। इसने यीशु मसीह के व्यक्तित्व तथा चर्च के अस्तित्व को अहम स्थान दिया है, और चरमपंथी हिन्दुत्व को एक अनुकूल स्थिति में नहीं दर्शाया है।

•·उत्पीड़न: उड़ीसा तथा गुजरात राज्यों में इसाई। 2005 में, वर्ष के आरम्भिक चार महीनों में इसाईयों के विरुद्ध 200 से अधिक हिंसक घटनाएँ हुईं। कई पादरी तथा धर्म प्रचारकों की हत्या कर दी गई, कोटा में सेमिनरी को स्नातक समारोह के लिए आने वाले इसाईयों को अतिवादियों ने बहुत क्रूरता से मारा। मई 2004 में, तमिलनाडु के राज्य में एक धर्मांतरित विरोधी कानून, कांग्रेस-पार्टी को चुनावी जीत के बाद रद्द कर दिया गया था। पाँच भारतीय राज्यों में अभी भी यह कानून पुस्तकों में है। यह किसी के भी विरुद्ध, जो भारतीयों का दबाव, धोखे के लालच द्वारा धर्म-परिवर्तन करता है, उन पर तगड़ा या कैद की सजा आरोपित करता है। इसाई लोग कहते हैं कि उनकी बिमारों की सेवा करने का तथा जरूरतमन्दों की सेवा करने के कार्य को धमकी दी जाती है क्योंकि धर्मांतरित विरोधी कानून को दबाव तथा लालच वाली परिभाषाएँ बहुत व्यापक हैं। इस कानून के अनुसार, कोई भी भेंट या भौतिक हितकारी वस्तु जो इसाई धर्मांतरित व्यक्तियों द्वारा की जाती है, उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन समझा जा सकता है।

भूटान

•·जनसंख्याः	2.2 मिलियन	**•·जाति समूहः**	11
•·प्रमुख धर्मः	बौद्ध धर्म	**•·भाषाएंः**	जौन्गखा
•·गैर इसाईः	99.54%	**•·इसाईः**	0.46%

•·क्षेत्रफलः 47,000 स्के. कि.मी. पूर्वी हिमालय पर्वतों में एक छोटा राज्य

•·विवरणः भूटान, इसाई धर्म से प्रभावित सबसे कम देशों में से एक देश है। शासन की शक्तिशाली अलगाव-वादी योजनाएँ, तांत्रिक बौद्ध धर्म का समर्थन करती है जो अधिकतर दुष्टात्मा-विषयक है। इस दैत्य (ड्रुक यूल) के देश की सच्ची आत्मिक स्वतन्त्रता के लिए प्रार्थना करें। 1965 तक सभी इसाई गवाहों के लिए भूटान अवरुद्ध था। फिर 25 वर्षों को थोड़ीसी शिथिलता आई जिसमें भारतीय तथा दूसरे प्रवासी, एन. जी. ओ. द्वारा गवाही देने योग्य हुए। 1990 में सीमाएँ बढ़ गई थी– इसका कारण उन गवाहियों की सफलता थी, विशेषकर नेपालियों के बीच में। अब तो कानूनी तौर पर अनुमति प्राप्त कुछ सभाएं हैं जिनके पास अपनी इमारते हैं। इस देश में चर्च की वृद्धि के लिए प्रार्थना करें। ड्रुक्पा बहुसंख्यक बहुत सशक्त बौद्ध धार्मिक हैं। और उनके बीच में इसाई केवल कुछ एक ही हैं। अधिकांश विश्वासी अलग-थलग हैं और बिखरे हुये हैं, सहभागिता के अवसर बहुत कम हैं और कुछ न तो अपने विश्वास के लिए कष्ट भी उठाये हैं। भूटान के प्रत्येक जातीय समूह में एक सजीव गवाही की सहभागिता के उत्पन्न होने के लिये प्रार्थना करें।

•·उत्पीड़नः 1965 के बाद, दो दशकों से ज्यादा समय के लिये देश गृहणशील था, जब तक मसीहियत ने प्रगति करना शुरु कर दिया था। एक नये नियामक वातावरण ने पकड़ बना ली थी, और मानवीय परियोजनाओं में धार्मिक संस्थाओं को कार्य करने की अनुमति थी, पर वह धर्म का प्रचार नहीं कर सकती थी। कुछ संस्था तो समाप्त कर दी गई है, जब से भूटान की सबसे बड़ी समस्या– कोढ़ लगभग समाप्त हुआ है। गैर-बौद्ध धर्म के लोगों के लिए हर सार्वजनिक आराधना तथा प्रचार, भूटान में गैर कानूनी है। जब भूटानी इसाई धर्म में रूपान्तरित होने पर खोज लिये जाते हैं, तब उन्हें शासकीय हित अस्वीकार हो जाता है– जिसमें सार्वजनिक शिक्षा शामिल है। इसाई शासकीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है, और दूसरों को देश से निकाल दिया गया है।

मयनमार (बर्मा)

•·**जनसंख्याः**	47 मिलियन	•·**जाति समूहः**	25
•·**प्रमुख धर्मः**	बौद्ध धर्म	•·**भाषाएंः**	बर्मी
•·**गैर इसाईः**	91.30%	•·**इसाईः**	8.70%

•·**क्षेत्रफलः** 676,577 स्कै. कि.मी., इरावादी नदी का डेल्टा तथा घाटी जो ऊँचे पर्वतों से घिरा हुआ है जो इस देश को भारत, चीन और थायलैण्ड से पृथक करता है।

•·**विवरणः** दमनकारी सैन्य शासन के दस दशकों ने इस राष्ट्र को पृथक कर दिया है और इसका विनाश किया है। 1990 में प्रजातन्त्र के दमन ने निराशा को व्यापक रूप से फैला दिया। मुख्य विरोधी दल के नेता औंग सैन सू कियू के साहस को मान्यता दी गई और 1991 में उसे नोबेल पीस प्राइज मिला। 1990 से वह नजरबन्द है। एक ऐसे न्यायशील प्रजातन्त्र शासन को विधिपूर्वक हस्तांतरित करने के लिये प्रार्थना करें जो इस देश का पुनः निर्माण प्रजातान्त्रीय तथा धार्मिक स्वतन्त्रता के साथ कर सके। सैन्य शासन चर्च को अधिकारहीन करने और समाप्त करने का यत्न कर रहा है। पर फिर भी विकास-वादी है। प्रतिकूल परिस्थितियों में मसीहियत अधिक सशक्त हो गई है और गहराई से जम गई है। कई इसाई सुशिक्षित है और पूरे देश में जिम्मेदार पदों पर हैं। फिर भी 1980 में विकास थोड़ा धीमा पड़ गया था जिसका कारण उदार आध्यात्म-विद्या थी। नये सम्प्रदायों में विकास अब अधिक उल्लेखनीय है। कृपया प्रार्थना करें कि वह अपनी जाति समूह में प्रत्येक उप समूह को प्रचार का कार्य जारी रखें और दूसरे उन लोगों तक और बर्मी बहुसंख्यक पहुँचे जिन तक पहुँचना कठिन है।

•·**उत्पीड़नः** स्टेट पीस एण्ड डैविलपमैन्ट सोसाइटी (एस. पी. डी. सी.) हर धार्मिक गतिविधि को निमन्त्रित करने का प्रयास करती है। 1966 में लगभग सभी इसाई धार्मिक संस्थाएं निकाल दी गई थीं। प्रजातीय इसाईयों को दामन के लिए अक्सर पृथक किया जाता है। सैद्धान्ति रूप से धार्मिक स्वतंत्रता है, पर क्योंकि इसाईयत प्रजातीय अल्प-संख्यकों में बहुत सशक्त है (उत्तरीय चिन समूह, लिस और कटेन) इसलिए इसाईयों के विरुद्ध बहुत पक्षपात है।

बंगलादेश

•·जनसंख्याः	147 मिलियन	**•·जाति समूहः**	41
•·प्रमुख धर्मः	मुस्लिम	**•·भाषाएंः**	बंगला
•·गैर इसाईः	99.28%	**•·इसाईः**	.72%

•·क्षेत्रफलः 173,998 स्कै. कि.मी., गंगा तथा ब्रहमपुत्र नदियों के जलमय मैदानी भाग तथा डेल्टा, बहुत अधिक वर्षा तथा बाढ़ वाले क्षेत्र।

•·विवरणः राष्ट्र के अच्छे, निष्ठावान तथा निष्पक्ष नेतृत्व के बिना उत्तरोत्तर बढ़ती हुई निर्धनता तथा कष्टों को विपरीत दिशा में मोड़ा नहीं जा सकता। अधिकतर लोग अशिक्षित हैं, कुपोषण का शिकार हैं और उनके पास पर्याप्त चिकित्सीय सेवायें नहीं हैं। धार्मिक, सामाजिक तथा प्रजातीय क्षेत्रों में कार्य कर रही अन्धकार की शक्तियों को बान्धने के लिए प्रार्थना करें। सभी के लिए संवैधानिक स्वतन्त्रता के लिए प्रार्थना करें ताकि सब लोग अपने धर्मों का अभ्यास कर सकें और उसके प्रचार को कायम रख सकें।

मलेशिया

•·जनसंख्याः	24 मिलियन	**•·जाति समूहः**	3
•·प्रमुख धर्मः	मुस्लिम	**•·भाषाएंः**	माले
•·गैर इसाईः	90.79%	**•·इसाईः**	9.21%

•·क्षेत्रफलः 330,434 स्कै. कि.मी. दो स्पष्ट भागः मुख्य एशिया के क्रा प्रायद्वीप पश्चिमी मलेशिया, और साटावक तथा सबाह राज्य क्षेत्रों से मिलकर बना हुआ, बोटनिओं के उत्तरीय दिशा में तीसरा टापू पूर्वीय मलेशिया।

श्री लंका

•·**जनसंख्याः**	20 मिलियन	•·**जाति समूहः**	9
•·**प्रमुख धर्मः**	बौद्ध धर्म	•·**भाषाएंः**	सिन्हला
•·**गैर इसाईः**	92.38%	•·**इसाईः**	7.62%

•·**क्षेत्रफलः** 65,610 स्कै. कि.मी., भारतवर्ष के 80 कि.मी. दक्षिण पूर्व की ओर एक बड़ा टापू

•·**विवरणः** कुछ लोगों का यह दावा करना कि श्रीलंका अदन की वाटिका का स्थल है, यह देश अब आंसुओं का टापू है। तमिलयनों तथा सिन्हालीयों के बीच के घृणित संघर्ष से भारी वेदना हुई है– अनुमान किया जाता है कि 100,000 व्यक्ति मारे गये हैं, 800,000, श्री लंकन्स (मुख्यतः तमिल) भारत को या पश्चिम को उत्प्रवास कर गये या भाग गये, और 700,000 और 1.5 मिलियन के बीच की संख्या में, श्री लंका में विस्थापित हो गये हैं। बौद्ध धर्मियों ने अपने अहिंसक धर्म तथा सहनशीलता पर लम्बे समय से गर्व किया है। बौद्ध धार्मिक उग्रवादियों की कट्टरता तथा हिंसा जो उन्होंने हिन्दु तमिल और इसाईयों के विरुद्ध दिखाई है, उनकी छवि को ध्वस्त कर दिया है। बौद्धिक धर्म तथा हिन्दू धर्म, दोनों में ही सर्वव्यापक भ्रांति मुक्ति है जिसने, समाजिक हानियों और उत्पीड़न की धमकियों के बावजूद भी, कई लोगों को यीशु मसीह के दावों को सोचने का कारण दिया है। कृपया प्रार्थना करें कि अधिकांश लोग उसमें शांति पायें।

•·**उत्पीड़नः** यद्यपि दूसरे धर्मों के लिए स्वतन्त्रता का आश्वासन है, पर इस स्वतन्त्रता का, कर, शिक्षा तथा व्यवसाय के द्वारा अल्प-संख्यक धर्मों के विरुद्ध पक्षपात से, नियमित विनाश हुआ है। कई श्रीलंका निवासी इसाई धर्म को एक विदेशी धर्म के रूप में देखते हैं और एक उपनिवेशीय आरोपण मानते हैं। 2003 से 2005 तक, 170 हिंसक घटनायें, इसाईयों या उनके संगठनों के विरुद्ध रिकार्ड करी गई है। 2005 में, बौद्धिक धार्मिक नेताओं ने तथा वकीलों ने, सुप्रीम कोर्ट के द्वारा, एक धर्मांतरित विरोधी कानून को लागू कराने के लिए, सभी प्रयासों का अक्रामकता से अनुसरण किया।

लाओस

•·जनसंख्या:	6 मिलियन	**•·जाति समूह:**	138
•·प्रमुख धर्म:	बौद्ध धर्म	**•·भाषाएं:**	लाओ
•·गैर इसाई:	98.15%	**•·इसाई:**	1.85%

•·क्षेत्रफल: 236,8000 स्कै. कि.मी., पतला अवरुद्ध शहर मुख्यत: थाइलैण्ड और वियतनाम के बीच।

•·विवरण: साम्यवाद के अधिकार में आने के बाद से चर्च ने बहुत कष्टों का सामना किया है। इसाईयत धर्म को "एक झूठा धर्म" का चिन्ह दे दिया गया है जो लाओ प्रथाओं का उल्लंघन करता है और इसे राज्य का नम्बर एक शत्रु घोषित किया गया है। वियतनाम में शासकीय गुप्तचर चर्चों में घुस चुके हैं, और पिछले कुछ वर्षों में विश्वासियों का उत्पीड़न तथा दासत्व बहुत बढ़ गया है। 2000 में कुछ विश्वासियों के कारावास की 24 घटनाएं थीं। फिर भी चर्च वृद्धि कर रहा है और फैलता जा रहा है। अभी हाल ही में, 200 लाओवादियों को एक गृह-चर्च के प्रतिरूप में, चर्च स्थापना तथा नेतृत्व करने का प्रशिक्षण दिया गया था। प्रार्थना करें कि यह विधियां, रेडियो तथा टी ई ई से पूरित होकर, नेतृत्व कर्त्ताओं को अपने कार्य के लिए पूर्णतया समर्थ बना सकें। इसाई धर्म के कार्य को शासकीय रूप से अनुमति नहीं है। परन्तु कई प्रवासी विश्वासी कृषिक विकासों के क्षेत्रों से लेकर, वियतनाम युद्ध के समय डाले गये कृषिक विकासों के क्षेत्रों से लेकर, वियतनाम युद्ध के समय डाले गये अमेरिकी बमों को निकालने के काम में सहायता कर रहे हैं। अवसर तो कई हैं, परन्तु सरकार, लाओस की महान आवश्यकता और इसके स्वावलम्बन होने की इच्छा के बीच अनिश्चितता में फंसी रहती है। बाइबल अनुवादकों के लिये, मुख्य चर्च स्थापना करने वालों के लिए और बाइबल शिक्षकों के लिए प्रार्थना करें– आत्मिक सेवा कार्य की सबसे अधिक आवश्यकता है।

•·उत्पीड़न: वियतनाम की मुख्य शहर में तीन या चार चर्चों को क्रांतिकारी माना जाता है और शासन द्वारा उनका ध्यान-पूर्वक निरीक्षण होता है। घरों में हो रही चर्च सभाओं पर आक्रमण होते हैं। लाओ इसाईयों को कैद किया जाता है, जबकि विदेशी इसाईयों को निर्वासित किया जाता है। कई जिलों में साम्यवाद नेताओं ने "न्यू मैकेनीज्म" नामक एक योजना को लागू किया है, जिसके अनुसार कोई भी जो बौद्ध धर्म में धर्मांतरित नहीं होता, उन्हें बल-पूर्वक अपने जिलों से हटा दिया जाता है। इसाई गांव वालों को भी अपना विश्वास छोड़ने के लिये एक पत्र पर बल-पूर्वक हस्ताक्षर करवाया गया। अगर वह मना करते हैं, तो उन्हें घर छोड़ने को विवश किया जाता है और उनकी सम्पत्ति या तो छीन ली जाती है या नष्ट कर दी जाती है।

उत्तरी कोरिया

•·जनसंख्या:	23 मिलियन	**•·जाति समूह:**	2
•·प्रमुख धर्म:	प्रजातीय	**•·भाषाएं:**	कोरियन
•·गैर इसाई:	98.31%	**•·इसाई:**	1.69%

•·क्षेत्रफल: 122,370 स्कै. कि.मी., कोरियाई प्रायद्वीप का बड़ा भाग, पर दक्षिण की तुलना में जलवायु अधिक कठोर है।

•·विवरण: उत्तरीय कोरिया के नेता ने, प्रशंसात्मक दुवप्रचार, मूर्तियों की स्थापना और शासकीय प्रचलित योजनाओं द्वारा अपने मृत पिता किम 2 सूंग का अपमान किया है। प्रार्थना करें कि पवित्र आत्मा उसको तथा उसके संगठन को दोषी ठहराये और वे अपनी मूर्तिपूजा को बन्द करके सच्चे परमेश्वर की आराधना करें। अधिकतर लोगों ने यीशु मसीह का नाम तक नहीं सुना है। परमेश्वर का इस अधिकांश लोगों के लिए, दमन का एक औरवेलियन भयानक अनुभव, पूर्ण अनुरूप आचरण और बाह्य संसार से पृथकता द्वारा, मिटा दिया गया है। जब राज्य का पतन होगा, तब परमेश्वर की ओर मुड़ कर आना उत्तेजक हो सकता है। 1994-2000 तक 3 मिलियन भूखमरी से मर गये, फिर भी शासन सैन्यों के लिए भोजन-सामग्री बड़ी मात्रा में संचित करके रखता है और कठोर शर्तों के अलावा किसी भी आधार पर सहायता के लिए मना कर देता है। वन काटने से हुये बाद के प्रकोप से फसलों का नष्ट होना जारी है और नरभक्षित का वर्णन देश से बाहर जा रहा है। कुछ इसाई संस्थाओं ने सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है, पर सुसमाचार को बांटने की अनुमति के साथ नहीं। कृपया उत्तरीय कोरिया के इसाईयों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने वर्षों से प्रार्थना करी और उस समय के लिए तैयारी करी जब यह देश सुसमाचार को ग्रहण कर सकेगा।

•·उत्पीड़न: सभी धर्मों का कठोर दमन हुआ है। कोरियन युद्ध के समय से कई हजारों इसाइयों की हत्या कर दी गई। 1953 में लगभग 300,000 इसाई थे, पर आज यह संख्या घट कर केवल कुछ हजार ही रह गई है। इसाई अपने विश्वास का अभ्यास गुप्त रूप से ही करते हैं और वे लगातार खतरे में हैं।

नेपाल

•·जनसंख्याः	28 मिलियन	**•·जाति समूहः**	39
•·प्रमुख धर्मः	हिन्दू	**•·भाषाएंः**	पुर्तगाली
•·गैर इसाईः	98.1%	**•·इसाईः**	1.89%

•·क्षेत्रफलः 147,181 स्कै. कि.मी., चीन (तिब्बत) और भारत के बीच पर्वतों से घिरा एक हिमालयन राज्य। संसार की 10 ऊँची पर्वत चोटियों में से 8 नेपाल में है।

•·विवरणः 1960 से पहले, किसी भी इसाई को शासकीय रूप से नेपाल में रहने की अनुमति नहीं थी। 1990 तक अराधना करने के लिये धार्मिक स्वतन्त्रता थी, परन्तु नये शिष्य बनाने के लिए नहीं। सबसे पहला समूह 1959 में, 29 इसाईयों के साथ बना था। 1985 तक लगभग 50,000 विश्वासी थे। इसका रहस्यः प्रार्थना, यीशु मसीह के लिए यातना सहने के लिए स्वेच्छा, धर्म प्रचार में सक्रिय नेपाली पहल करना चर्च रोपित करना और परमेश्वर की अद्‌भुत कार्य करने की सामर्थ। धार्मिक स्वतन्त्रता बढ़ गई है, पर यह अभी भी केवल आंशिक है। 1990 में प्रजातन्त्र के आगमन से, अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न काफी कम हो गया था। सभी इसाई कैदियों को स्वतन्त्र कर दिया गया था। और 300 से अधिक इसाईयों के विरुद्ध अनिर्णीत मुकद्दमें रद्द कर दिये गये थे। कृपया प्रार्थना करें कि पूर्ण धार्मिक स्वतन्त्रता के लिए संविधान में आश्वासन हो और अधिकारी वर्गों द्वारा उसका समर्थन हो।

कम्बोडिया

•·जनसंख्याः	11.1 मिलियन	**•·जाति समूहः**	28
•·प्रमुख धर्मः	बौद्ध धर्म	**•·भाषाएंः**	खेमर
•·गैर इसाईः	98.81%	**•·इसाईः**	1.19%

•·क्षेत्रफलः 181,035 स्कै. कि.मी., मीकौंग नदी पर उपजाऊ, वन-प्रधान इन्डो-चीन के दक्षिण-पश्चिम की ओर एक राज्य।

•·विवरणः कम्बोडिया का आत्मिक अन्धकार प्रार्थना द्वारा दूर होना चाहिए। सर्वव्यापक जीवात्मा के मन्दिरों द्वारा, किसी भी विचार-धारा के प्रतियोगी के लिए बौद्ध-धर्म का सशक्त विरोध तथा नैतिक पतन द्वारा यह अन्धकार प्रकट होता है। देह-व्यापार समृद्ध है, पर समस्त वेश्याओं का एक-तिहाई भाग (अनुमानित 50,000) बच्चे हैं। एच.आई.वी. बहुत तेजी से फैल रहा है, 1999 में 180,000 इससे ग्रसित है और हर वर्ष 3,500 बच्चे एच.आई.वी. के साथ ही पैदा होते हैं। प्रार्थना करें कि सुसमाचार का प्रकाश ऐसे चमके कि समाज तथा व्यक्तियों की संरचना में निश्चित रूप से परिवर्तन आ सके। 1975-79 का भयंकर जाति संहार ने, जिसमें करीब 2 मिलियन लोग मारे गये थे, बहुत गहरे शारीरिक तथा भावनात्मक निशान छोड़े हैं। 30,000 से ज्यादा लोगों ने बारूदी सुरंगों द्वारा अपने हाथ या पांव खो दिये हैं, लगभग सारी ही जनसंख्या को अपने नुकसान तथा कष्टों को सदमे से निकलने के लिए गहन चंगाई की आवश्यकता है।

जापान

•·जनसंख्याः	126 मिलियन	**•·जाति समूहः**	12
•·प्रमुख धर्मः	बौद्ध धर्म	**•·भाषाएंः**	जापानी
•·गैर इसाईः	98.44%	**•·इसाईः**	1.56%

•·क्षेत्रफलः 377,801 स्कै. कि.मी., 3000 कि.मी. का चार बड़े टापू (होन्शू, होक्कायडो, शिकोकू, क्युशू) और 3000 छोटे टापू।

•·विवरणः नेतृत्व की विफलता के कारण आर्थिक तथा राजनैतिक रूप से जापान संकट में है। बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधार, सामाजिक ढांचे में परिवर्तन, जिसने आत्म-हित समूहों का पक्षपात किया (राजनैतिक समूह, याकूजा माफिया गैंग, बैंकर्स इत्यादि), और संसार को एक नई पहचान के लिए साहसिक नेताओं की आवश्यकता होगी जो 21वीं शताब्दि में इन सब पर काबू पा सकें। प्रार्थना करें कि इसाई, यीशु मसीह में दृढ़ रहें और दबाव में आकार अपने विश्वास से समझौता न करें जैसा कि विश्व युद्ध 2 में कई इसाईयों ने किया था। पुरानी बुराईयोंः सम्राट पूजा और सैन्यवाद जैसी पुरानी बुराईयों को पुनः वापिस लाने के लिए चतुराई पूर्ण प्रयास होते रहते हैं। सच्चे, नम्र और परिश्रमी जापानी इतने व्यस्त हैं कि वह सुसमाचार और उचित तथा अनुचित को नहीं समझते हैं, या पाप के अर्थ को नहीं समझते हैं क्योंकि वे सृष्टिकर्ता परमेश्वर को नहीं जानते। अधिकांश व्यक्ति धर्म के महत्व को जानते हैं, 20% व्यक्तियों का निश्चित धर्म है, परन्तु केवल 10% ही व्यक्तिगत परमेश्वर के अस्तित्व में विश्वास करते हैं। विश्वासियों के लिए गवाही तथा समझौता बड़े विषय हैं। प्रतिवर्ष, औसतन 100 नये धर्म शुरु होते हैं, जो तन्त्र-मन्त्र, लौकिक अपर देशीय वासियों पर आधारित हैं। भ्रम की भावना को दूर करने के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि वर्तमान आर्थिक आघात, अस्थिरता, तथा भविष्य का भय कई लोगों को आत्म-सन्तोष से निकाल कर बाहर लाये।

मंगोलिया

•·जनसंख्या:	2.6 मिलियन	**•·जाति समूह:**	12
•·प्रमुख धर्म:	शमानिस्र	**•·भाषाएं:**	हल मंगोलियन
•·गैर इसाई:	99.29%	**•·इसाई:**	0.71%

•·क्षेत्रफल: 1,565,00 स्कै. कि.मी., घास के मैदान, उत्तर में वन, तीन बड़ी पर्वतीय श्रृंखला और बड़ा गोवी मरूस्थल।

•·विवरण: शासन के लिये भयभीत करने वाली आर्थिक स्थिति एक की चुनौती है और यह जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है– बैरोजगारी, निर्धनता, 200,000 कुपोषित बच्चे इत्यादि। भ्रष्टाचार-जिसमें कुछ के पास अधिक सम्पत्ति और सभी के हित के लिये अर्थ व्यवस्था को विकसित करने में विफलता ने पुराने शासन का बहिष्कार करने में बढ़ावा दिया है। प्रार्थना करें कि मंगोलिया के नेता बुद्धिमानी से तथा निष्पक्ष रूप से शासन करें। लामावादी बौद्ध धर्म फिर से सजीव हो गया है, मठों की संख्या बढ़ गई है। कई बौद्ध स्थलों तथा मूर्तियों की पुन: स्थापना कर दी गई है। इन सबका आधारभूत कारण पूर्व-वर्ती शमानीवाद, ज्योतिष-शास्त्र और जन्त्र-मन्त्र की शक्तियाँ हैं। अब, सम्भवत: आधी जनसंख्या बौद्ध धर्म या / और शमानवाद का अभ्यास करती है। दूसरे धर्मों तथा मतों का विकास चिंता का विषय है। मोरमोनस, जेहोवा विट्नस और बहाई जैसे समूह बहुत सक्रिय हैं, यह मुख्य नगर में और देश के दूसरे भागों में संगठित हो रहे हैं। प्रार्थना करें कि पूरे देश में प्रभावकारी रूप से पहुँचने के लिए प्रचारक-समूह अधिक कूटनीतिक रूप से फैलाव का कार्य कर पायें।

दक्षिण कोरिया

•·जनसंख्याः	46 मिलियन	**•·जाति समूहः**	2
•·प्रमुख धर्मः	इसाई	**•·भाषाएंः**	कोरियन
•·गैर इसाईः	68.33%	**•·इसाईः**	31.67%

•·क्षेत्रफलः 99,067 स्कै. कि.मी. कोरियन महाद्वीप का आधा दक्षिणी भाग।

•·विवरणः 1997 में एशियन दमन, राजनीति, उद्योग, अर्थ-व्यवस्था तथा चर्चों में अपने प्रतिनिधित्व के साथ, एक बहुत भयंकर आघात था। भौतिकवाद तथा गर्व को छेद दिया गया था। और यद्यपि कुछ निवृत्ति हुई थी, पर आवश्यक नवीनीकरण तथा राज-नैतिक रोकत तथा संतुलन में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं हुई है। प्रार्थना करें कि देश के राजनैतिक, औद्योगिक तथा धार्मिक नेता इस आवश्यकता का सामना कर सकें, और साहस के साथ आवश्यक परिवर्तनों से जूझ सकें। संकटों के समय, कई चर्चों ने प्रायश्चित तथा निष्ठा में स्वयं को परमेश्वर के सामने दीन बना लिया है। उत्तरी कोरिया पर आर्थिक तथा राजनैतिक आपदा का मंडराता हुआ संकट, दक्षिण पर बहुत अधिक प्रभाव छोड़ेगा। सुबह की आरम्भिक प्रार्थना सभाओ; परमेश्वर की खोज के लिए प्रार्थनाएँ, चर्च में आधारित बाइबल अध्ययन, प्रचार की योजनाएं, रविवार के मध्य दिवसीय भोजन तथा घरों में सभाओं के द्वारा, कोरियन चर्च सशक्त हो गया है।

थायलैण्ड

•·**जनसंख्याः**	61.3 मिलियन	•·**जाति समूहः**	52
•·**प्रमुख धर्मः**	बौद्ध धर्म	•·**भाषाएंः**	थाई
•·**गैर इसाईः**	98.38%	•·**इसाईः**	1.62%

•·**क्षेत्रफलः** 513,115 स्कै. कि.मी. एक उपजाऊ तथा भूमिगत जल वाला प्रदेश जो म्यानामर, लाओस तथा कम्बोडिया और मलेशिया के सीमावर्ती क्षेत्र में है।

•·**विवरणः** थायलैण्ड का अर्थ है "स्वतन्त्र (मुक्त) देश" क्योंकि जब आस-पास के देशों में पश्चिमी शक्तियों द्वारा उपनिवेश हो रहा था, तब इसने अपनी स्वतन्त्रता को बनाये रखा। ऐसा विश्वास देवाधिराज, ने इस देश की रक्षा की थी, और इस आत्मिक मानव की सोने की आकृति बनाई गई थी। तब से इसकी पूजा करी जाती है। यह देश संस्कृति के एक जटिल जाल के बन्धन में है– आत्माओं को शान्त करना, तन्त्र-मन्त्र और बौद्ध धर्म और एक सामाजिक सम्बद्धता जिससे कुछ ही लोगों ने बाहर आने का साहस किया। कई थाईवासियों के लिए उनकी राष्ट्रीयता तथा धर्म ऐसे जुड़े हुये हैं जो अलग नहीं किये जा सकते। आत्मिक अविष्कार के लिए प्रार्थना करें ताकि प्रभु यीशु मसीह में यह देश वास्तव में स्वतन्त्र हो सके। थाई समाज के भीतर क्या भ्रष्टाचार पूरी तरह से, केवल परमेश्वर की ओर लौट कर आने के द्वारा ही, साफ हो सकता है तथा जड़ से काट कर फेंका जा सकता है। भ्रष्ट सैन्य, शासकीय तथा पुलिस के नेताओं ने बड़े देह-व्यापार को संरक्षण दिया है, नशीली दवाओं का जाल, अपराध संघ और देश की पर्यावरणीय दुर्दशा की रक्षा की है। देह व्यापार का व्यवसाय, देश के जी.डी.पी. का 14% भाग का योगदान देता है। अनियमित अर्थ-व्यवस्था, शासकीय अर्थव्यवस्था से बड़ी है। प्रार्थना करें कि ईमानदार, तथा न्याय प्रिय नेता सामने आयें जो उन कानूनी तथा सामाजिक रूपरेखाओं को बनायेंगे जो भ्रष्टाचार को सीमित कर सकेंगे।